वर्षः 15 - अंक : 18, मुंबई, शुक्रवार, 2 मई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## 6 लाख रुपये का गुटखा बरामद

### गुटखा तस्करी के लिए मवेशियों के परिवहन वाहन का इस्तेमाल, पुलिस ने पकड़ा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** तस्करी के एक विचित्र मामले में, मुंबई में गुटखा तस्करों को मवेशियों के परिवहन वाहन के रूप में एक अनोखे ढंग से संशोधित ट्रक का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया। यह घटना गुरुवार दोपहर को तब प्रकाश में आई जब दहिसर चेक नाका के पास ट्रैफिक पुलिस ने एक ट्रक को रुकने का इशारा किया, लेकिन रुकने के बजाय, चालक ने गाड़ी की गति बढ़ा दी और भागने लगा, जिससे संदेह पैदा हो गया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## लापरवाही भरी घोषणाओं से पड़ा वित्तीय बोझ




### किसानों को कर्जमाफी के नाम पर मिला धोखाः अंबादास दानवे

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि महायुति सरकार की 100 दिनों की उपलब्धियों में लापरवाही भरी घोषणाओं के कारण राज्य पर पड़ा वित्तीय बोझ और किसानों की आत्महत्याओं में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा अपनी सरकार का 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड सोशल मीडिया पर साझा करने के बाद शिवसेना (उबठा) नेता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी राकांपा अजित पवार गुट के सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## ठाकरे बंधुओं को नहीं दे सकती सलाह : सुले



### कहा- मतभेद होने चाहिए, मनभेद नहीं

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और शिवसेना यूबीटी के साथ आने की चर्चाओं में अब विराम लगता नजर आ रहा है। दोनों पार्टियों में काफी दिनों से साथ आने की चर्चाएं चल रही है। हालांकि, चर्चाओं को हवा देकर दोनों पार्टी प्रमुख विदेश दौरे पर चले गए। जिसके बाद बताया जा रहा था कि वे वापस आकर बैठक में साथ आने का निर्णय ले सकते है। इस चर्चा के बाद राज ठाकरे अपने विदेश दौरे से तो लौट आए लेकिन यूबीटी के साथ मिलाप करने को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## पहलगाम : पर्यटकों का डोंबिवली में बनेगा स्मारक

### नगर निगम ने प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए भेजा, 4 मई को होगी घोषणा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, इनमें से 6 पर्यटक महाराष्ट्र के थे। इस आतंकवादी हमले की देशभर में निंदा की जा रही है और आरोपियों को ढूंढकर कड़ी सजा देने की मांग की जा रही है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में महाराष्ट्र के डोंबिवली से घूमने गए तीन बेटे भी शहीद हो गए। डोंबिवली के अतुल मोने, संजय लेले, हेमंत जोशी की पहलगाम हमले में मारे गए। उनकी मौत के बाद डोंबिवली में शोक की लहर दौड़ गई। इस घटना के बाद डोंबिलवी के लोगों ने इन तीनों शहीदों का स्मारक बनाने का निर्णय लिया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)




डोंबिवली में इन तीन शहीदों के लिए स्मारक बनाए जाने के लिए विधायक रवींद्र चव्हाण ने कल्याण डोंबिवली नगर निगम को पत्र लिखकर कश्मीर में मारे गए तीन लोगों के लिए एक स्मारक बनाने की मांग की है

## हमारी बात

### प्रतिगामी पथ पर

**सवाल वही है- पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा? उनका पिछड़ापन दूर करने का एजेंडा ना तो सामाजिक न्याय की पार्टियों के पास है, ना इस सियासत में नई रंगी कांग्रेस के पास, और ना ही भाजपा के पास।**

इसमें शायद ही कोई संशय था कि केंद्र की भाजपा सरकार देर-सबेर जातिगत जनगणना कराने पर राजी हो जाएगी। वजह यह है कि सत्ताधारी दल के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 1990 के दशक में सोशल इंजीनियरिंग की जो अवधारणा अपनाई, उसका जातियों की अलग-अलग गिनती और उनकी अलग पहचान को मान्यता देने से कोई बुनियादी विरोधी नहीं है। दरअसल, यह तरीका सामाजिक न्याय की पार्टियों की ओबीसी या दलित के रूप में संबंधित जातियों की संगठित पहचान उभारने की कोशिश की एक प्रभावी काट है। इस तरीके को आगे बढ़ाते हुए भाजपा ने मंडल और बहुजन राजनीति को हाशिये पर धकेल दिया है। इसके बावजूद उन पार्टियों ने जातीय जनगणना की मांग के जरिए भाजपा पर दबाव बनाने का गुमराह दांव खेला। अब आम जनगणना के साथ जातीय गणना का निर्णय लेकर भाजपा ने उससे उपजी सियासी फायदे की संभावना को हथिया लिया है। मगर सवाल वही है- इससे पिछड़े समुदायों को हासिल क्या होगा? आर्थिक, सामाजिक या शैक्षिक पिछड़ापन दूर करने का एजेंडा ना तो सामाजिक न्याय की पार्टियों के पास है, ना इस सियासत के रंग में नई रंगने वाली कांग्रेस के पास, और ना ही भाजपा के पास। अधिक से अधिक इन सबके पास सरकारी नौकरियों एवं शिक्षा संस्थानों में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का एजेंडा है, जो आज के निजीकरण के दौर में बहकावे के अलावा कुछ नहीं है। निजी क्षेत्र में आरक्षण वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था के तहत लगभग नामुमकिन है। तो घूम-फिर कर बात भावनाओं के तुष्टीकरण पर टिक जाती है। ठीक उसी तरह जैसे भाजपा के हिंदुत्व से हिंदुओं की रोजमर्रा की समस्याओं का कोई हल नहीं निकला है, भले उनके एक बड़े हिस्से को इस भ्रम से तसल्ली मिलती हो कि अब उनका राज है! चूंकि पिछड़ेपन के बुनियादी कारणों को दूर करने और वास्तविक सामाजिक परिवर्तन का कोई एजेंडा पूरे राजनीतिक दायरे में नहीं है, इसीलिए यह बेहिचक कहा जाएगा कि जातिगत जनगणना पर बनी आम सहमति प्रतिगामी है। किसी देश का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि उसका पूरा राजनीतिक नेतृत्व प्रगतिशील कार्यक्रमों पर चर्चा के बजाय सर्व-सम्मति से उसे प्रतिगामी पथ पर ले जाए!

# होनहार छात्रों को मिलेगी नीट की मुफ्त कोचिंग: फरमान हसन




**बरेली।** दो रोजा उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर जहां एक तरफ विभिन्न मजहबी कार्यक्रम परचम कुशाई, तकरीर उलेमा-ए-इकराम, कॉन्फ्रेंस व कुल शरीफ काजी ए हिंदुस्तान जानशीन ए हुजूर ताजुशरिया असजद रजा खान (असजद मिया) की सरपरस्ती में रस्म अदा होगी। वहीं दूसरी तरफ सामाजिक कार्य भी किए जायेंगे। जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव व आला हजरत ताजुश्शरिया सोसाइटी के संस्थापक फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने बताया कि रजा नगरी बरेली की पहचान पूरी दुनिया में इल्म की बुनियाद पर है। आला हजरत, मुफ्ती ए आजम और ताजुश्शरिया के अलावा खानदान के बुजुर्गों ने दुनिया भर में इल्म की शमा को रौशन किया। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए हर साल की तरह इस साल भी दरगाह की ओर से ऐसे होनहार छात्र जो अपने परिवार की आर्थिक स्थिति की वजह से कोचिंग क्लास नहीं ले पाते है उनके लिए जमात रजा ए मुस्तफा व आला हजरत ताजुशरीह सोसाइटी द्वारा मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की गई है। फरमान मियां ने कहा कि हमारा मिशन है कि बच्चे पढ़-लिख कर समाज की मुख्यधारा से जुड़े। मुफ्ती, आलिम, हाफिज के साथ-साथ इंजिनियर और डॉक्टर बनकर अपने परिवार का नाम रौशन करे उन्होंने कहा रजा नगरी की पहचान दुनिया भर में ज्ञान और इल्म की रोशनी से है नीट व इंजीनियरिंग की कोचिंग के साथ साथ कक्षा 6 से 12 तक के यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आइसीएससी बोर्ड के हिंदी व अंग्रेजी माध्यम के होनहार और जरूरतमंद छात्रों के लिए राजेंद्र नगर जनकपुरी की डेल्टा क्लासेज कोचिंग में व्यवस्था की गई है 01 मई से 08 मई तक इच्छुक छात्र राजेंद्र नगर की डेल्टा क्लासेज में सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक रजिस्ट्रेशन करा ले। बता दे इससे पहले भी बड़ी संख्या में नीट व इंजीनियरिंग के छात्र छात्राओ को कोचिंग करायी जाती रही है जिसमे अधिक संख्या में विद्यार्थी सेलेक्ट हुए सरकारी मेडिकल कॉलेजों मे चयनित हो चुके है। कोचिंग क्लास के लिए 7060100361 पर संपर्क कर सकते है इस मौके पर मुख्य रूप से, मोईन खान शमीम अहमद, हाफिज इकराम, जफर बेग, जनार्दन आचार्य, अमित शर्मा, जहीर अहमद, जुल्फिकार अहमद, शैबुद्दीन रजवी, साकिब अली, साकिब खान आतिफ खान आदि लोग मौजूद रहे।

# बीजेपी सरकार दलित, पिछड़ो, अल्पसंख्यको की दुश्मन: अताउर्रेहमान, सपा का सरकार के खिलाफ धरना




**बरेली।** समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय महासचिव रामजी लाल सुमन पर हुए हमले के खिलाफ बरेली के दामोदर पार्क में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में सपा विधायक अता उर रहमान ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने जातियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया है, इसलिए उन्हें धर्म पूछकर मारा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की दुश्मन बन चुकी है। सरकार आए दिन नए-नए संशोधन बिल लाकर संविधान को कमजोर करने की साजिश कर रही है। उन्होंने वक्फ संशोधन बिल को भी इसी साजिश का हिस्सा बताया। धरने में शामिल पूर्व विधायक विजय पाल सिंह ने करणी सेना को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा, करणी सेना ने दलितों का अपमान किया और हमारे सांसद पर हमला किया गया, उनके घर तक पर हमला बोला गया। सपा नेता इंजीनियर अनीस अहमद खान ने भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा की देश में बढ़ती नफरत नौजवानों के भविष्य के लिए खतरा पैदा कर रही है। सरकार में शामिल नेता इस नफरत को रोकने के बजाये हवा देने का काम कर रहे हैं। सपा कार्यकर्ताओं ने एक सुर में कहा कि भाजपा की नीतियां संविधान विरोधी हैं और यह सरकार सुनियोजित तरीके से दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज को कुचलने का प्रयास कर रही है। धरने में पूर्व राजयसभा सांसद वीरपाल सिंह यादव, पूर्व मंत्री भगवत सरन, पूर्व विधायक आर के शर्मा, जिला अध्यक्ष शिव चरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुल्तानी, शुभलेश यादव, कदीर अहमद, समयू खान, बड़ी संख्या सपा कार्यकर्ताओ ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर भी बीजेपी सरकार को घेरा।

## 'वक्फ कानून के विरोध में मुसलमानों ने पंद्रह मिनट लाइट बंद कर दर्ज करवाया विरोध'



**मधुबनी।** वक्फ कानून का तमाम मुस्लिम संगठन विरोध कर रहे हैं वक्फ संशोधन कानून 2025 के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर में वक्फ बचाओ अभियान शुरू किया है देश के विभिन्न हिस्सों में जनसभाएं की जा रही हैं इसी क्रम में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर वक्फ कानून के खिलाफ बुधवार को मधुबनी शहर और गांव के मुसलमानों ने 15 मिनट लाइट बंद (बत्ती गुल अभियान) कर विरोध दर्ज कराया रात 9:00 से 9:15 बजे तक लाइट बंद कर अभियान का शांतिपूर्ण समर्थन किया मधुबनी शहर और गांव राघो नगर भौआरा गवापोखर कोतवाली चौक बड़ी बजार बिस्फी जीरो माईल रहिका इंसाफ चौक केलवाही मलमल जयनगर देवधा झंझारपुर सकरी पंडौल सहित तमाम क्षेत्रों में मुसलमानों ने अपने मकानों व दुकानों की लाइट पंद्रह मिनट तक बंद रखीं समाज सेवी फहीम बकर मुसा के मुताबिक यह कार्यक्रम जाहिर तौर पर एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम है लेकिन इसके माध्यम से पूरे देश के मुसलमान और सभी न्यायप्रिय लोग एकजुट होकर वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शित कर रहे हैं इस अभियान का हिस्सा बनकर सरकार को यह संदेश देना है कि वक्फ संशोधन कानून 2025 मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट की जरुरत

# पुणे में होगी 2nd नेशनल मार्शल आर्ट टूर्नामेंट, 26 से 28 मई तक आयोजन

**मुंबई।** महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए सरकार द्वारा कडे कदम उठाना जरूरी हो गया है, क्योंकि आजकल महिलाओं पर अत्याचार बढ गए हैं और उन्हें सुरक्षा की काफी आवश्यक है, इसलिए उन्हें मार्शल आर्ट सीखना जरूरी है। विगत 42 वर्षों से इंडियन मार्शल आर्ट अकादमी पूरे भारत में इस कला की शिक्षा दे रही है। इंडियन मार्शल आर्ट अकादमी ने पुणे में 26 मई से 28 मई तक आल इडिया 2 nd नेशनल मार्शल आर्ट टूर्नामेंट 2025 का आयोजन किया है। मुंबई में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेंस में इस आयोजन की घोषणा की गई हैं। प्रेस कान्फ्रेंस में आल इडिया प्रेसिडेंट डॉ हुलगेश चलवादी, महाराष्ट्र प्रेसीडेंट एड। गौरी छाबरिया,






आल इडिया यूथ प्रेसीडेंट सीमा सरोज, आल इडिया यूथ प्रेसीडेंट पीतांबर सालुखे, Mumbai यूथ प्रेसीडेंट जय मेहता, इंडियन मार्शल आर्ट अकादमी के संस्थापक ट्रस्टी सुर्दशन सालुखे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में पुणे यूथ प्रेसीडेंट आशीष सालुखे, पश्चिम महाराष्ट्र प्रेसीडेंट नीलेश सालुखे और जनसंपर्क अधिकारी अब्दुल कादिर काजरगी आदि ने टूर्नामेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर all India woman president aur कमानी ट्यूब की सीएमडी पद्मश्री कल्पना सरोज ने कहा कि मार्शल आर्ट को केंद्र सरकार ने सहायता करना चाहिए ताकि मार्शल आर्ट को सरकार दरबार में मान्यता मिल सके। देशभर से इस टूर्नामेंट में प्रतिभागियों को इसमें भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतिभागियों को डा. बाबासाहेब अम्बेडकर ट्राफी के रु में 1,00000 नकदी पुरस्कार दिए जाएंगे।

# सुमय्या अली इन्हे महाराष्ट्र शासन की तरफ से पुरस्कार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 1 मे 2025 को लाल बहादूर शास्त्री स्टेडियम पर 1 मे महाराष्ट्र दिवस की उपलक्ष मे सुमय्या अली राष्ट्रीय अध्यक्षा नारीशक्ती सेवा फाऊंडेशन इनहे अकोला जिल्ह्याचे पालकमंत्री आकाशजी फुंडकर उसी प्रकार से अकोला जिल्हाधिकारी अजित कुंभार इनके हाथो महाराष्ट्र शासन का जिल्हा युवा पुरस्कार दिया गया ये पुरस्कार क्रीडा जिल्हा अधिकारी सतीश चंद्र भट जी उसी प्रकार से आमदार रणधीर सावरकर जी अकोला जिल्हा पोलीस अधीक्षक बच्चन सिंह जी और विविध शासकीय क्षेत्र के अधिकारीयो की उपस्थिती मे प्रदान किया गया सुमय्या अली पिछले कई सालो से सामाजिक कार्य मे कार्यरत है अभी तक उन्होने एड्स लोकसंख्या वाढ,



वृक्षरोपण, व्यसनमुक्ती, साफसफाई अभियान, छोटे गरीब बच्चो को मुक्त पुस्तके, कपडो का वाटप, दिन दलित गरीब कष्टकरी कामगार शोषित पीडित युवक महिला और शेतकरी इन्हे नियाय दिलाने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे है सुमय्या अली ने हमेशा गरजू गरीब लोगो को बहुत बार रक्तदान करके उनकी जान बचाई है उसी प्रकार से कोरोना काल मे गरजू गरीब मरीजो को ऑक्सिजन उपलब्ध करवा के दिया है दुर्घटना होने पर जखमी लोगो की सहायता करके उनकी जान बचाने का काम किया है सर्वधर्म संभव की दृष्टि से ईद मिलन, दिवाली मिलन, दशेरा मिलन, गणेशोत्सव, दुर्गा उत्सव, पोलीस प्रशासन को सहयोग किया है, बच्चो को शिक्षण लेने के लिए प्रोत्साहित कीया है महिला सशक्तिकरण किया है युवाओ को क्रीडा क्षेत्र के लिये प्रोत्साहित किया है सांस्कृतिक कार्यक्रम लिये है ऐसे अनेक कार्य सुमय्या अली इन्होने अपने नारीशक्ती सेवा फाऊंडेशन के माध्यम से किया है जिनकी दाखल लेते हुए उन्हे राष्ट्रीय समाज भूषण पुरस्कार राष्ट्रीय संघर्ष नायक पुरस्कार राष्ट्रीय सेवार्थ पुरस्कार जिजामाता पुरस्कार त्याग मूर्ती माता रमाई आंबेडकर गौरव पुरस्कार महिला सन्मान पुरस्कार विदर्भ इस्त्री मातु शक्ती सन्मान पुरस्कार स्वामी विवेकानंद पुरस्कार बेस्ट सोशल वर्कर अवॉर्ड राज्यस्तरीय गुणगौरव पुरस्कार महिला कार्य गौरव रत्न पुरस्कार महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार असे अनेक पुरस्काराचे पुणे सन्मानित किया गया है इन सभी की दखल लेते हुए महाराष्ट्र शासन का जिल्हा युवा पुरस्कार ये पुरस्कार मिलने पर सुमय्या अली इनका सभी ओर अभिनंदन किया जा रहा है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### 6 लाख रुपये का गुटखा बरामद

ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत वाहन का पीछा किया और बोरीवली (पूर्व) के मगथाने इलाके में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर उसे रोकने में कामयाब रही। हालांकि, जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक चालक ट्रक छोड़कर भाग चुका था। जब पुलिस ने ट्रक की जांच की, तो उन्होंने पाया कि इसमें दो मंजिला कम्पार्टमेंट शामिल करने के लिए चतुराई से बदलाव किया गया था। निचले हिस्से में, पुलिस को चार भैंस, एक गाय और दो बछड़े मिले। हालांकि, ऊपरी मंजिल पर विभिन्न ब्रांडों के गुटखा के पैकेट भरे हुए थे। मुंबई पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्होंने वाहन से लगभग 6 लाख रुपये का गुटखा बरामद किया है। हालांकि चालक भागने में सफल रहा, लेकिन पुलिस ने ट्रक क्लीनर को पकड़ लिया और उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान, उसने खुलासा किया कि ट्रक गुजरात के मेहसाणा से अंधेरी (पूर्व) में एक अस्तबल मालिक को भैंसें देने के लिए आया था। जानवरों को दो दिन पहले खरीदा गया था। कस्तूरबा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, हमने अस्तबल मालिक को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया। उसने मवेशियों की खरीद रसीदें और ट्रक की बुकिंग और भुगतान की पर्चियां भी दिखाईं। उसने गुटखे के बारे में किसी भी जानकारी से इनकार किया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि उनके निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

### लापरवाही भरी घोषणाओं से पड़ा वित्तीय बोझ

पिछले वर्ष दिसंबर में विधानसभा चुनावों में महायुति की प्रभावशाली जीत के बाद मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद फडणवीस ने प्रत्येक विभाग के लिए 100 दिन का कार्यक्रम तय किया था, जिसमें महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। बता दें कि उट फडणवीस ने जानकारी देते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि 48 विभागों में से 12 ने पूर्ण 100 अंक प्राप्त किए हैं, तथा 18 अन्य ने निर्धारित अवधि में अपने 80 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। दानवे ने एक्स पर एक पोस्ट कर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि सरकार की लापरवाह घोषणाओं ने राज्य पर वित्तीय बोझ बढ़ा दिया है, वहीं किसानों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाओं में पिछले साल की तुलना में इस साल 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### ठाकरे बंधुओं को नहीं दे सकती सलाह : सुले

राज ठाकरे 1 मई को महाराष्ट्र स्थापना दिवस के अवसर पर मुंबई लौटे और हुतात्मा चौक गए और यहां उन्होंने महाराष्ट्र आंदोलन के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वे मीडिया से बीना कुछ बोले ही वापस लौट गए। तो वहीं उद्धव ठाकरे 4 मई को मुंबई वापस लौटने वाले है। राज ठाकरे के प्रस्ताव रखने के बाद शिवसेना यूबीटी में भी साथ आने के संकेत दिए है और कहा था कि बीती बातों को भूलकर नई शुरूआत करने की अपील की थी। इस पर होती चर्चा को लेकर मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने विदेश यात्रा पर जाने से पहले अपनी पार्टी के नेताओं को साफ-साफ कहा था कि इस मुद्दे को लेकर वे एक भी शब्द न बोलें और उनके विदेश से लौटने का इंतजार करे। दोनों पार्टियां अगर साथ आती है तो महाराष्ट्र के समीकरण में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इसलिए अब कयास लगाए जा रहे है कि राज ठाकरे की पार्टी भी उद्धव ठाकरे के विदेश दौरे से लौटने का इंतजार कर रहे है। 4 मई को उद्धव ठाकरे के वापस मुंबई लौटने के बाद दोनों गुटों में बैठक होने की संभावना है, जिसमें पार्टी ये फैसला लेगी कि ठाकरे बंधु साथ आकर गठबंधन बनाएगे या नहीं।

### पहलगाम : पर्यटकों का डोंबिवली में बनेगा स्मारक

डोंबिवली पश्चिम के स्कूल मैदान में इन तीनों अतुल मोने, संजय लेले, हेमंत जोशी का स्मारक बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बारे में कल्याण डोंबिवली नगर निगम के सिटी इंजीनियर ने जानकारी दी और बताया कि 4 मई को इस स्मारक की घोषणा की जाएगी। डोंबिवली में इन तीन शहीदों के लिए स्मारक बनाए जाने के लिए विधायक रवींद्र चव्हाण ने कल्याण डोंबिवली नगर निगम को पत्र लिखकर कश्मीर में मारे गए तीन लोगों के लिए एक स्मारक बनाने की मांग की है।




# महाराष्ट्र दिवस एवं कामगार दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाया गया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महात्मा फुले शिक्षण संस्था द्वारा संचालित छत्रपति शिवाजी विद्यालय धारावी में महाराष्ट्र दिवस एवं कामगार दिवस बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। प्रातः विद्यालय के मैदान में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वारली इंडिया प्रायव्हेट लिमिटेड के सीनियर डायरेक्टर (वित्त) कमल चटलानी के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण किया। विद्यालय प्रांगण राज्य गीत महाराष्ट्र माझा के गीत से झूम उठा, बच्चों द्वारा लावणी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। आज ही महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर वारली सर्विसेस इंडिया प्रायव्हेट लिमिटेड द्वारा डोनेटेड एसी मेडिकल लैव का उद्घाटन उपरोक्त कंपनी के सीनियर डायरेक्टर (वित्त) कमल चटलानी, सीनियर डायरेक्टर (सेल्स) विद्या देसाई, सीनियर डायरेक्टर (ऑपरेशन) पराग मंत्री, सीनियर जीएम (प्रोजेक्ट मैनेजमेंट) मीठु शहा के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम संचालन छत्रपति शिवाजी विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) श्रीमती स्वाती प्रमोद होलमुखे ने किया। संस्था के सचिव दिलीप शिंदे एवं छत्रपति शिवाजी विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती वीणा राजेन्द्र दोनवलकर व राजे शिवाजी विद्यालय प्राथमिक की मुख्याध्यापिका श्रीमती श्रद्धा विजय माने ने गणमान्य मान्यवरों का स्वागत किया। उक्त अवस पर वारली सर्विसेस इंडिया प्रायव्हेट लिमिटेड की सी एस आर टीम के कमलजीत कौर वर्षा गुप्ते सत्यनारायण शेनॉय जुही सिन्हा भी उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### शांति और सौहार्द के साथ न्याय चाहिए

**करनाल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में भारतीय नौसेना के



लेफ्टिनेंट विनय नरवाल समेत 26 निहत्थे पर्यटकों की बर्बरता से बत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### यूएस में रह रहा फई भगोड़ा अपराधी घोषित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले की एक एनआईए अदालत ने अमेरिका में रह रहे 'लॉबिस्ट'



गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बडगाम में एनआईए के विशेष न्यायाधीश के माध्यम से डॉ. गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कराने में सफलता हासिल की है। वडवान निवासी फई फिलहाल अमेरिका में है और यूपीए मामले में आरोपी है।

### द. कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान का इस्तीफा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने इस्तीफा दे दिया है। हान ने कहा कि



उन्होंने देश के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है। हान शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे। उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति युन सुक येओल ने देश के दूसरे अहम पद पीएम के रूप में नियुक्त किया था।

### केन्या में विपक्षी नेता की गोली मारकर हत्या

**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या में विपक्षी नेता सांसद चार्ल्स वर की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर



दी गई। घटना राजधानी नैरोबी में घटी। पुलिस ने बताया कि हत्या की यह घटना सुनियोजित थी और विपक्षी सांसद को पूरी योजना के तहत निशाना बनाया गया। जिस वक्त चार्ल्स को गोली मारी गई, उस वक्त उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड भी था। हमलावर बाइक से आए थे।

# खत्म होगा भक्तों का इंतजार, आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट, 108 क्विंटल फूलों से सजाया मंदिर

## बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग के उखीमठ से रवाना किया था

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है।

शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ऐतिहासिक मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। श्रृंगार वडोदरा और कोलकाता के कारीगर कर रहे हैं। केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद 6 महीनों तक भक्त दर्शन कर सकेंगे। जून से अगस्त के बीच अगर मौसम सही रहता है, तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है।



### ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समितियां

*इस बार केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समिति द्वारा मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया है। मंदिर की इस आकर्षक सजावट को देखने के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध और भव्यता मंदिर को और भी दिव्य आभा प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन ने कपाट खोलने के अवसर पर हर प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।*

### ओंकारेश्वर मंदिर से इस दिन निकली थी डोली यात्रा

बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग जिले के उखीमठ से रवाना किया गया था। डोली यात्रा की शुरुआत ओंकारेश्वर मंदिर से हुई, यह बाबा केदारनाथ का शीतकालीन पूजा स्थल है। जो लोग केदारनाथ धाम नहीं पहुंच सकते वो शीतकाल के दौरान इसी स्थान पर बाबा केदार के दर्शन कर सकते हैं।

## 30 अप्रैल से लेकर 3 मई 2025 तक प्रभावी रहेगी यह चेतावनी

# अरब सागर में बड़ा फायरिंग अभ्यास करती नौसेना, जारी हुई चेतावनी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सेना, वायुसेना देश की जमीनी और हवाई सीमा की सुरक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। वहीं, समुद्री क्षेत्र में नौसेना अपने जंगी बेड़े की मदद से दुश्मन की हर हरकत पर पैनी निगाह रखते हुए अरब सागर में गुजरात तट के करीब अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में एक बड़ा फायरिंग अभ्यास (मिसाइल फायरिंग व अन्य युद्धाभ्यास) कर रही है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इसके लिए भारत ने 30 अप्रैल से लेकर 3 मई 2025 तक के लिए चेतावनी (एनएवी) भी जारी की है। उक्त क्षेत्र के समुद्र तट से करीब 200 नॉटिकल माइल (लगभग 400 किलोमीटर) की दूरी पर भारत का ईईजेड स्थित है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की समुद्री सीमा से लगे गुजरात तट के पास करीब चार से पांच जगहों के लिए भारत के राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक कार्यालय द्वारा नेविगेशन एरिया वार्निंग (एनएवी) जारी की गई है।

जिसमें समुद्र में द्वारका, ओखा, पोरबंदर, दीव के अलावा कारवार शामिल है। नौसेना की भाषा में इस चेतावनी के साथ ही संबंधित इलाके की नौसैन्य कमांड के प्रमुख की तरफ से भी निर्देश रहता है कि फायरिंग के दौरान इलाके में न आएं या उससे दूरी बनाए रखें। बताते चलें कि पहले राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक कार्यालय को भारतीय नौसेना हाइड्रोग्राफिक कार्यालय के नाम से जाना जाता था।

### हमले के बाद भारत की दूसरी चेतावनी

बीते 22 अप्रैल हुए हमले के बाद यह दूसरा मौका है जब भारत ने यह चेतावनी जारी की है। पूर्व में नौसेना के आईएनएस सूरत युद्धपोत द्वारा की गई मिसाइल फायरिंग के दौरान भी इस तरह की चेतावनी जारी की गई थी। उधर, भारत की देखा देखी पाकिस्तान की तरफ से भी चेतावनी जारी की गई है।



यहां बता दें कि हाल ही में नौसेना ने अपने आईएनएस सूरत समेत अन्य युद्धपोतों से कई एंटी शिप मिसाइलों की सफलतापूर्वक की गई फायरिंग से अपने लंबी दूरी के सटीक हमलों की तैयारी को प्रदर्शित किया है। दागी गई मिसाइलों में ध्वनि से तीन गुना अधिक गति के साथ अपने लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाने में सक्षम सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल भी शामिल रही है।

### नौसेना के अभ्यास के मायने

सूत्रों ने कहा कि उक्त वार्निंग के दौरान नौसेना के जंगी प्लेटफार्म में शामिल युद्धपोत, पनडुब्बी के अलावा अन्य मारक अस्त्र-शस्त्रों के जरिए समुद्र के अंदर और उसकी सतह से फायरिंग की जाती है और उस दौरान संबंधित इलाके से गुजरने वाले अन्य जलीय पोत, जहाजों व वहां पहले से काम कर रही अन्य एजेंसियों को चेतावनी के साथ एक संदेश चला जाता है कि वह फायरिंग की बताई गई समय अवधि तक पर अमुक जगह से होकर न गुजरें व उससे दूरी बनाए रखें। इसके अलावा इस दौरान किसी भी असामान्य गतिविधि को लेकर नौसेना के युद्धपोतों को सतर्क रखा गया है।

### समुद्री सीमा की सुरक्षा करते नौसेना-तटरक्षकबल

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गुजरात तट के करीब नौसेना के साथ ही तटरक्षकबल भी देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के लिए पूरी सतर्कता के साथ तैनात है। दोनों समुद्री बल किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए एकजुटता से क्षेत्र में हाईअलर्ट के साथ अपनी तैनाती बनाए हुए हैं।


### पहलगाम आतंकी कृत्य का जवाब लेंगे, किसी को नहीं बख्शेंगे: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम हमले में संलिप्त हर आतंकवादी को ढूंढ़ने का संकल्प जताया और कहा कि उन सभी से चुन-चुन कर इस जघन्य कृत्य का जवाब लिया जाएगा। शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार किसी भी आतंकवादी को नहीं बख्शेगी। उन्होंने यहां असम के बोडो समुदाय के प्रमुख नेता उपेंद्र नाथ ब्रह्मा की प्रतिमा का अनावरण और एक सड़क के नामकरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। गृह मंत्री ने कहा कि पहलगाम में जिस किसी ने भी यह कायरतापूर्ण हमला किया है, हम किसी को भी नहीं छोड़ेंगे। हम हर दोषी को ढूंढ निकालेंगे। मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर चल रही है और 1990 के दशक से कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ मजबूती से लड़ा जा रहा है। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक कि यह खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता। अगर कोई ये कायराना हमले करके ये समझता है कि हमारी बड़ी जीत है तो ये एक बात साफ तौर से समझ लीजिये, यह नरेंद्र मोदी सरकार है, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



## ...अब पाकिस्तान की खैर नहीं

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और मिस्र



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में निंदा की जा रही है। पाकिस्तान की लगातार मुश्किलें बढ़ रही हैं। अब भारत और मिस्र ने मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करने की तैयारी की है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। काहिरा में आतंकवाद रोकने को लेकर भारत-मिस्र संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक में दोनों देश आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमत हुए।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि मिस्र ने हिंसा के सभी रूपों का सामना करने में भारत के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की। दोनों ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। दोनों देशों ने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने अपने-अपने देशों और क्षेत्रों में आतंकवादी खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद-रोधी) राजदूत केडी देवल और मिस्र के आतंकवाद-रोधी विभाग के निदेशक राजदूत वालिद अल-फिकी शामिल रहे।

### नई तकनीक का उपयोग करेंगे

भारत और मिस्र ने आतंकवाद के लिए तकनीक के उपयोग और क्रिप्टोकरेंसी, मानव रहित हवाई प्रणालियों सहित आतंकवाद के वित्तपोषण और आतंकवादियों द्वारा साइबरस्पेस के दुरुपयोग जैसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सहयोग के क्षेत्रों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों ने धन शोधन विरोधी प्रयासों, मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराध में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई।

### रक्षा सहयोग को करेंगे मजबूत

भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचा। इसमें एचएएल, बीईएल, बीडीएल के सीएमडी समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के वायु रक्षा प्रमुख, एओआई के चेयरमैन और वायुसेना के चीफ ऑफ स्टाफ से मुलाकात की। मिस्र की ओर से नेशनल अथॉरिटी फॉर मिलिट्री प्रोडक्शन के वीसी और एमडी एमील हेल्मी एलियास ने चर्चा में भाग लिया।

## मुंबई में विश्व दृश्य- श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन की शुरुआत

# दुनिया के लिए सृजन का यही समय, सही समय संस्कृति, रचनात्मकता व कनेक्ट की लहर चली

### पीएम मोदी ने वेव्स को सृजनात्मकता का उत्सव बताया



मुंबई हलचल / मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन यानी वेव्स का उद्घाट्न किया। वेव्स 2025 चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स 2025 की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'।

इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की बड़ी नींव है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये संस्कृति, रचनात्मकता, यूनिवर्सल कनेक्ट की लहर है।

### टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'

### फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बनेगा

उन्होंने कहा कि आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बन रहा है। लाइव कॉन्सर्ट से जुड़ी इंडस्ट्री के लिए अनेक संभावनाएं हमारे सामने हैं। आज ग्लोबल एनिमेशनल मार्केट का आकार 430 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। अनुमान है कि अगले 10 सालों में ये दोगुना हो सकता है। ये भारत की एनिमेशन और ग्राफिक इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा अवसर है।

**10,000** से अधिक प्रतिनिधि

**1,000** क्रिएटर्स

**300** से अधिक कंपनियां

**350** से अधिक स्टार्टअप

**90** से ज्यादा देशों की भागीदारी होगी

### भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल




पीएम मोदी ने कहा कि ये भारत में सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें' का सही समय है। आज जब दुनिया कहानी सुनाने के नए तरीके ढूंढ रही है तब भारत के पास हजारों वर्षों की अपनी कहानियों का खजाना है। और ये खजाना समय से परे है, सोच का दायरा बढ़ाने वाला है और वास्तव में वैश्विक है। ये भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल है। सामग्री, रचनात्मकता और संस्कृति, ये ऑरेंज इकोनॉमी की तीन धुरी है। भारतीय फिल्मों की पहुंच अब दुनिया के कोने-कोने में पहुंच रही है। आज 100 से अधिक देशों में भारतीय फिल्में रिलीज होती हैं।

### वेव्स हर कलाकार क्रिएटर का वैश्विक मंच

पीएम मोदी ने कहा कि वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।

### सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों के डाक टिकट लॉन्च किए

पीएम ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वेव्स में भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किया। पीएम ने कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हम ने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। मैं कभी गेमिंग, संगीत, निर्माताओं चमकने वाले चेहरों से मिला।

**उद्योगपति अंबानी ने कहा**

### भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग अगले दशक में 100 अरब



दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि से लाखों नौकरियां उत्पन्न होंगी और इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

**समिट में बोले रजनीकांत**

### पीएम योद्धा, वे चुनौतियों का सामना करने में सक्षम



अभिनेता रजनीकांत ने पहलगाम हमले के बारे में बात की। रजनीकांत ने मोदी को योद्धा कहा और कहा कि उन्हें भरोसा है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

**100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता हुए एकत्र:** पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।

# मजहब नहीं अपनेपन से आएगी शांति: मोहन भागवत

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि जाति-मजहब से नहीं अपनेपन से विश्व में शांति लाई जा सकती है। जिसने भी विश्व को अपना कुटुंब माना, उसके सामने सब झुक जाते हैं। वह बुधवार को खोजवां क्षेत्र में शंकुलधारा पोखरे पर आयोजित अक्षय कन्यादान महोत्सव के तहत सामूहिक विवाह समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने काशी से विश्व को शांति और बंधुत्व का संदेश देते हुए कहा कि जैसे ठोस मकान के निर्माण में पक्की ईंट की भूमिका होती है। उसी तरह कुटुंब संस्कारों से पक्का होता है। संस्कारित व्यक्ति, समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अच्छे मनुष्य का प्रशिक्षण कुटुंब में ही होता है। जो समाज का अभिभाज्य अंग होता है। उन्होंने कहा कई बार अपनों के लिए हमें त्याग करना पड़ता है, जो संस्कार से आता है। यह अपनेपन को और मजबूती देता है। इसी अपनेपन से विश्व में शांति आएगी। यह स्वभाव हम सभी को अपने में विकसित करना चाहिए। देश को भी इसकी सख्त जरूरत है। अपनत्व का कारण होता है कुटुंब कार्यक्रम में कुल 125 कन्याओं का विवाह हुआ। संघ प्रमुख ने सोनभद्र के रेणूकूट की वनवासी समाज की बेटी राजवंती और उसके वर अमन के पांव पखारे। दोनों के परिणय सूत्र में बंधने पर उन्होंने आशीर्वाद भी दिया। आयोजक और क्षेत्र कार्यवाह वीरेंद्र जायसवाल को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने इस कार्यक्रम को आगे भी जारी रखने का संकल्प दिलाया।



CMYK CMYK

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# तीन विद्यालयों में प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण देगा जेजेटी यूनिवर्सिटी-राष्ट्रीय सैनिक संस्था, महाराष्ट्र इकाई की पहल

**मुंबई।** 30 अप्रैल 2025 श्रीनिवास बगारका जूनियर कॉलेज, जे.बी. नगर, अंधेरी (पूर्व), मुंबई में आज "प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण की अनिवार्यता" विषय पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था की महाराष्ट्र इकाई द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में देशभर से आए अनेक विशिष्ट अतिथियों ने सहभाग लिया और युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन तथा आत्मरक्षा कौशल विकसित करने हेतु सैनिक प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेजेटी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. विनोद टिबरेवाला ने कहा, "आज भारत को सबसे अधिक आवश्यकता है चरित्र निर्माण की- जिसमें व्यक्तिगत और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर संतुलन जरूरी है। व्यक्तिगत जीवन में सहनशीलता 100% होनी चाहिए, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर हमें स्पष्ट और दृढ़ होना चाहिए। यदि पृथ्वीराज चौहान ने मोहम्मद गोरी को बार-बार क्षमा न किया होता, तो इतिहास कुछ और होता।" राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वीर चक्र सम्मानित कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि, "राष्ट्रीय एकता चरित्र निर्माण के बिना संभव नहीं है, और चरित्र निर्माण प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण के बिना अधूरा है।" उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा इस हेतु एक सुसंगठित पाठ्यक्रम तैयार किया गया है, जिसके पाँच बैच सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम देश के हर विद्यालय व महाविद्यालय में अनिवार्य किया जाना चाहिए। संस्था की राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के चेयरमैन, श्री राजन छिब्बर ने जापान के अनुशासनात्मक मॉडल का उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे वहां 'नेशनल डिसिप्लिन स्कीम' लागू है, उसी प्रकार भारत में भी इस प्रकार का प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए। महाराष्ट्र इकाई के प्रदेश अध्यक्ष एवं Target Disaster Response Force (TDRF) के संस्थापक निदेशक श्री हरिश्चंद्र बद्रीनाथ राठोड ने कहा, "देश की वर्तमान सुरक्षा व सामाजिक स्थिति को देखते हुए, युवाओं को आत्मरक्षा व आपदा प्रबंधन जैसी आवश्यकताओं से सुसज्जित करना समय की मांग है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यवतमाल में एक समर्पित प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जहां प्रशिक्षकों को तैयार किया जाएगा।"

प्रशिक्षण में शामिल प्रमुख विषयः
प्राथमिक उपचार (First Aid)
एम्बुश और पेट्रोलिंग
आपदा प्रबंधन
स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास
ड्रिल और शारीरिक प्रशिक्षण
संविधान की धारा 51(A)
शस्त्र प्रशिक्षण (तलवार, भाला, लाठी)
साइबर सुरक्षा
खेलकूद

यह प्रशिक्षण युवाओं को न केवल आत्मनिर्भर और अनुशासित बनाएगा, बल्कि उन्हें राष्ट्र के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देगा।

विशेष सहभागिताः विरार इकाई के अध्यक्ष जनार्धन पाटिल, गौरव सेनानी रमेश चंद्र, श्रीमती अर्चना देशमुख, श्रीमती वलीचा, तथा डॉ. भानु पांड्या ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत वक़्फ संशोधन बिल 2025 के खिलाफ संवाद कार्यक्रम आयोजित

**मुंबई हलचल/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** वक़्फ संशोधन बिल 2025 के खिलाफ ऐतिहासिक दरभंगा टावर चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मूर्ति के नीचे संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर ओम प्रकाश खेरिया उर्फ मिट्ठू खेरिया ने किया। जन संवाद कार्यक्रम का मंच संचालन रियाज खान कादरी ने किया। संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ अभियान के संयोजक सह पार्षद नफीसुल हक रिंकू ने कहा इस लड़ाई को हम तब तक लड़ते रहेंगे जब तक सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन कानून का फैसला मुसलमान के हक में नहीं सुनाते 5 मई को माननीय उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) में दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए मैं दिल्ली जा रहा हूं। जन संवाद कार्यक्रम में जिन वक्ताओं ने संबोधित किया उन मे भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव,इंसाफ मंच के राज्य उपाध्यक्ष नियाज अहमद, नफीसुल हक रिंकू, रियाज खान कादरी,रुस्तम कुरैशी,मोहम्मद उमर, आरवाईए के राज्य सह सचिव संदीप कुमार चौधरी,आइसा नेता प्रिंस कर्ण, केशरी यादव,रानी सिंह,अभिषेक कुमार,देवेंद्र साह,रंजन सिंह, मंजर अली, मिट्ठू खेड़िया पूर्व महापौर, राजा अंसारी, अकरम सिद्दीकी, सिवगतुल्ला खान उर्फ डब्बू, शाहिद अथर, जमीर खान, राम नारायण झा, डॉ जमाल हसन,सरफराज अनवर, प्रिंस परवेज, गंगा मंडल नगर अध्यक्ष राजद,अजय जालान, नजरे आलम,साबिर हुसैन लड्डू,पप्पू खान, मोहम्मद एहसान सिद्दीकी, फैयाज अहमद, ललित कुमार




सहनी, सचिन राम, प्रधान महासचिव महानगर राजद दरभंगा,वसीम अहमद, सिद्धांत गगनानि बालक सहनी, देवेंद्र शाह भोलू यादव, शोएब अहमद खान जनसुराज, उप महापौर नाजिया हसन, फिरदौस जहां पार्षद,फिरोज आलम पार्षद, तनवीर आलम, रजाउल्लाह अंसारी,अशरफ अहमद, रियाजुद्दीन कुरैशी,सलमान सादिक, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद नौशाद,अमजद अब्बास मुखिया,मोहम्मद साबिर,शत्रुघ्न प्रसाद नारद यादव,असमतुल्लाह तोहिद, मोहम्मद बाबर, हारून रशीद राईन खालिद, रजा कादरी, मोहम्मद फरहान, मोहम्मद तहसीनसय्यद, आफताब अशरफ, साजिद कैसर, मोहम्मद असलम, निसार अहमद वार्ड पार्षद सैयद खलीकुजमा और पप्पू सरदार पार्षद नसीम अख्तर दुलारे शादाब अख्तर जावेद अशरफ आस मोहम्मद के अलावा अन्य लोग कार्यक्रम की शुरूआत पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देकर और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुई। संवाद कार्यक्रम में महागठबंधन समर्थित विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एक स्वर में वक़्फ संशोधन कानून 2025 को संविधान के मूल आत्मा के खिलाफ बताया।वक्ताओं ने कहा कि देश की मोदी सरकार इस बिल के माध्यम से मुस्लिमों द्वारा अपने कॉम के शिक्षा रोजगार के लिए दिए गए जमीन को लूट कर अडानी अंबानी को देने की साजिश कर रही है। देश के तमाम संसाधनों को बेचने वाली सरकार वक़्फ की जमीन पर नापाक नजरे रखी हुई है। जिसे देश के न्याय पसंद लोग कभी पूरा नहीं होने देंगे। वक्ताओं ने कहा कि देश के तमाम न्याय पसंद लोगो को 5 मई को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा होने वाली निर्णय पर टिकी हुई है और हमें उम्मीद है कि न्यायालय से न्याय मिलेगा और सरकार को झुकना पड़ेगा जैसे किसान विरोधी कानून के खिलाफ आंदोलन में झुकना पड़ा।

**नफीसुल हक रिंकू**
**संयोजक संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ अभियान**

# सुहानी शाम ढल चुकी तुम कब आओगे...

*सुहानी शाम ढल चुकी,*
*ना जाने तुम कब आओगे?*
*तुमसे मिलने अनगिनत ख्वाब बुने हमने,*
*ना जाने तुम कब आओगे?*
*अठखेलियां करता बेताब मन,*
*ना जाने तुम कब आओगे?*
*ख्वाब खोते तुम्हारे ख्यालों में,*
*ना जाने तुम कब आओगे?*
*विरह का इंतजार अब सहा नहीं जाता,*
*ना जाने तुम कब आओगे?*
*हमारी आरजू जुस्तजू तुम से हैं,*
*ना जाने तुम कब आओगे,*
*दिल में तुम्हारी बेपरवाह चाहत हैं,*
*ना जाने तुम कब आओगे?*
*कहती हैं अनुपमा अनमोल ख्वाब हो तुम,*
*ना जाने तुम कब आओगे?*

**लेखिका - डॉ. अनुपमा वर्मा**
**जयपुर (राजस्थान)**
**9829119913**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बवासीर हो या कब्ज, हर मर्ज की दवा है अंजीर



भागदौड़ भरी जिंदगी में किसी के भी पास इतना समय नहीं है कि वह अपनी सेहत का ध्यान रख सके। अपनी हैल्थ की केयर ना करने से हाथों-पैरों और शरीर के दूसरे भागों में दर्द होने लगता है। इस दर्द को दूर करने के लिए आप अंजीर खा सकते हैं। एन्टीऑक्सिडेंट से भरपूर अंजीर में पानी 80%, कैल्शियम 0.06%, काबोर्हाइड्रेट 63%, फाइबर 2.3%, वसा 0.2%, प्रोटीन 3.5%, क्षार 0.7%, सोडियम, पोटेशियम, तांबा, सल्फर और क्लोरिन पर्याप्त मात्रा में होते हैं। जो हर तरह के दर्द को दूर करता है। इसके साथ ही अंजीर खाने से और भी कई लाभ होते हैं आज हम आपको उन्हीं फायदों के बारे में बताएंगे।

**1. बवासीर के लिए फायदेमंद**

बवासीर के रोगियों के लिए अंजीर का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। रात को 3-4 से अंजीर को भिगोने के लिए रख दें। सुबह उठकर इसको पीसकर खाली पेट खाएं। कुछ दिनों तक लगातार ऐसा करने से बवासीर की प्रॉब्लम से राहत मिलेगी।

**2. अस्थमा से छुटकारा**

अस्थमा रोगियों को सूखे अंजीर खाने चाहिए। सूखे अंजीर खाने से कफ बाहर निकल आता है और अस्थमा से छुटकारा मिलता है। रोजाना 3 से 4 अंजीर को दूध के साथ खाने से कफ दूर होने के साथ ही एनर्जी भी मिलती है।

**3. हड्डियां बनाएं मजबूत**

अंजीर में कैल्शियम की भरपूर मात्रा होती है। जिन लोगों के हाथों-पैरों में दर्द होता है उनको रोजाना 3 से 4 अंजीर का सेवन करना चाहिए। लगातार अंजीर खाने से कुछ ही दिनों में फायदा दिखाई देने लगेगा।

**4. खून की कमी दूर करे**

अंजीर में आयरन भरपूर मात्रा पाया जाता है। जिन लोगों के शरीर में आयरन और खून की कमी हो उनको रोजाना कम से 3 अंजीर खानी चाहिए। इसको खाने से शरीर में कभी खून की कमी नहीं होती।

**5. कब्ज**

कब्ज को दूर करने के लिए अंजीर खाएं। आप चाहे तो अंजीर को शहद के साथ मिलाकर खा सकते हैं। इसके सेवन से आपको काफी आराम महसूस होगा।

**6. डायबिटीज**

अंजीर एक मीठा फल है। मगर इसको खाने से डायबिटीज नहीं बढ़ती है। रोजाना अंजीर को शहद के साथ मिलाकर खाएं। ऐसा करने से डायबिटीज काफी हद तक कंट्रोल में रहती है।

## महीनेभर में डबल चिन से छुटकारा दिलाएंगे ये असरदार टिप्स

मोटापे की वजह से अक्सर चेहरे पर फेट जमा होने लगता है, जिस वजह से चेहरे व चिन की स्किन ढीली पड़ जाती है और नीचे लटकने लगती है। ठुड्डी के नीचे लटकी स्किन को डबल चिन की समस्या भी कहा जाता है। ठुड्डी के नीचे जमा फेट बड़ी भद्दी लगती है। डबल चिन की समस्या को हटाने के लिए लोग न जाने क्या कुछ नहीं करते। तरह-तरह के ट्रीटमेंट व एक्सरसाइज का सहारा लेते हैं। वहीं कुछ लोग सर्जरी के जरिए भी डबल चिन को छिपाने की कोशिश करते है लेकिन इसके कई साइड-इफैक्ट व खर्चा भी बहुत आता है। आप चाहें तो घर की कुछ चीजों का इस्तेमाल करके डबल चिन की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। चलिए आज हम आपको कुछ आसान व असरदार घरेलू टिप्स बताएंगे जो डबल चिन से राहत दिलाने में मदद करेंगे।

**1. कोकोआ बटर -** हफ्ते में दो बार कोकोआ बटर लगाने से भी डबल चिन की समस्या दूर होती है। इससे जल्द ही फेट घटती नजर आएगी।

**2. अंडा व शहद -**2 अंडे में 1 बड़ा चम्मच दूध, 1 बड़ा चम्मच शहद व 1 चम्मच नींबू के रस में पुदीने के तेल की कुछ बूंदे मिलाकर सिर से लेकर डबल चिन तक लगाएं।

**3. खरबूजा व सेब -** खरबूजे व सेब का रस निकालकर उसमें रूई भिगोए और इसे अपने डबल चिन पर लगाएं और 15 से 20 मिनट बाद साफ कर लें। इससे भी डबल चिन की समस्या दूर होगी।

**4. ग्रीन टी -** रोजाना ग्रीन टी पीने से भी डबल चीन की समस्या दूर होती है। इस-के अलावा इससे शरीर का मेटाबॉलिज्म व मोटापा भी कम होता है, जिससे शरीर कई कहीं हिस्सों पर जमा चर्बी भी धीरे-धीरे बर्न होने लगती है।

**5. दूध -** जब भी आपको मौका मिले तो दूध के साथ अपने डबल चिन व पूरे चेहरे की मसाज करें। इससे भी फेट बर्न होगी व चेहरे पर नैचुरल ग्लो आएगा।

# दिल के रोगों से राहत दिलाएं अर्जुन की छाल



**अर्जुन का पेड़ जिसे टर्मिनलिया अर्जुन भी कहा जाता है, एक औषधीय पौधा है, जिसे कई बीमारियों के इलाज के लिए आयुर्वेद की तरह इस्तेमाल किया जाता हैं। अर्जुन की छाल में कार्डियोप्रोटेक्टीव और हृदय को मजबूत करने वाले कई गुण होते है। इस औषधि का इस्तेमाल लगभग दिल संबंधी कई रोगों के उपचार के रूप में किया जाता हैं। चलिए आज हम आपको टर्मिनलिया अर्जुन से होने वाले कुछ स्वास्थ्य फायदों के बारे में बताते है, जिनके बारे में शायद ही आप जानते हो।**

**1. फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मददगार**

अर्जुन में मौजूद फ्लैवोनोइड्स और एंटीऑक्सिडेंट तत्व फ्री रेडिकल्स के हानिकारक प्रभाव को कम करके बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं। इससे बढ़ती उम्र की दिक्कतें, मधुमेह, कैंसर और हृदय रोग जैसी बीमारियां भी दूर होती हैं।

**2. हृदय को रखें स्वस्थ**

हृदय संबंधी रोगों के उपचार के लिए अर्जुन की छाल काफी कारगर साबित होती हैं क्योंकि इसमें हृदय को स्वस्थ और दिल को मजबूत करने वाले गुण होते है। यह हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करने और हृदय द्वारा खून को पूरे शरीर में पहुंचाने की क्षमता में वृद्धि करता हैं। इसके अलावा इसके सेवन से हार्ट अटैक का खतरा भी दूर रहता हैं। रोज सुबह-शाम 3 ग्राम अर्जुन की छाल का पानी पीने से हृदय में सूजन और ब्लाकेज की समस्यां भी नहीं होती।

**3. लिपिड डिसऑर्डर**

लिपिड डिसऑर्डर यानी शरीर में उच्च कोलेस्ट्रॉल और ट्रायग्लिसराइड्स वसा की मात्रा या तो ज्यादा होना या कम होना है। अगर इनका स्तर शरीर में अधिक है तो हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। यदि आप लिपिड डिसऑर्डर से जूझ रहे है तो अर्जुन का अर्क लेने से काफी फायदा मिलेगा।

**4. हाई ब्लड प्रैशर**

उच्च रक्तचाप जो दिल को नुकसान पहुंचा सकता हैं। हाई ब्लड प्रैशर के मरीज को अक्सर स्ट्रोक, हार्ट अटैक, किडनी डैमेज की प्रॉब्लम होने का खतरा बना रहता हैं। ऐसे में अर्जुन की औषधि में मौजूद प्रोटीन व अन्य गुण हाई बल्ड प्रैशर को कम करने में सहायक होते हैं।

**5. एनर्जी बढ़ाए**


जब आप व्यायाम करते हैं तो अर्जुन औषधि आपके एनर्जी लेवल को बढ़ा देता है। एक शोध के मुताबित, जिन लोगों ने 2 हफ्ते तक लगाकर अर्जुन का अर्क पीया तो उनके ऑक्सीजन को ग्रहण करने की क्षमता 4.9% बढ़ गई। एरोबिक और कार्डियोवैस्कुलर एक्सरसाइज करते समय शरीर को ऑक्सीजन की जरूरत अधिक होती है। ऐसे में अश्वगंधा के साथ अर्जुन की छाल लेने से शरीर की मांसपेशियों को एनर्जी मिलती हैं और व्यायाम करते समय शरीर को जितनी ऑक्सीजन की जरूर होती है, उतनी प्राप्त होती हैं।

**6. डायबिटीज करें कंट्रोल**

अगर आप अपने ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर चुके है तो इस बार अर्जुन की छाल इस्तेमाल करके देखें। शोध का कहना है कि अर्जुन किडनी में ग्लूकोज के लेवल को ठीक करके ब्लड शुगर को कम करता हैं। इसकी छाल में मौजूद टैनिन, फ्लैवोनोइड्स और सैपोनिन जैसे ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म में शामिल एंजाइमों को मिलाने में मदद करते हैं रोज रात को सोने से पहले इसकी छाल और देसी जामुन के बीजों का चूर्ण बनाकर खाने से शुगर कंट्रोल में रहती है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# ‘अभी भी मैं इस नई जिंदगी को जी रही हूं’

**दीपिका पादुकोण** अक्सर किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में छाई रहती हैं। वहीं बीते दिन वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट 2025 में एक्ट्रेस ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी बेटी दुआ के बारे में बात की और उन्होंने मदरहुड के बारे में कहा कि वो हमेशा से ही मां बनना चाहती थीं, वो इसे हर पल को एंजॉय कर रही हैं। दरअसल, सितंबर 2024 में पति रणवीर सिंह के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत की। अब उन्होंने इस इंटरव्यू में बताया कि वह अभी भी अपनी नई भूमिका के लिए अभ्यस्त हो रही हैं और अपनी बच्ची दुआ के साथ जीवन को समझने की कोशिश कर रही हैं। मां बनने के बाद से उनकी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में बताते हुए दीपिका ने कहा, मातृत्व को अपनाने के बाद मैं इस नई जिंदगी को खोज रही हूं। जिस क्षण आपका बच्चा होता है, आप अब दूसरे इंसान के लिए जिम्मेदार होते हैं, और खास तौर पर जिस तरह से मैंने अपनी जिंदगी जी है, वह मेरे बारे में बहुत कुछ रहा है–घर छोड़ना, मेरी महत्वाकांक्षा, मेरा करियर और सब कुछ मेरे जीवन और वह सब कुछ जो मैं अपने लिए चाहती थी, के बारे में रहा है। और अब, अचानक, आप उस व्यक्ति की देखभाल कर रहे हैं जो हर चीज के लिए आप पर निर्भर है।

# कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी अरुषि निशंक

**अरुषि निशंक,** एक भारतीय अभिनेत्री, फिल्म निर्माता, सामाजिक कार्यकर्ता और TEDx स्पीकर, प्रतिष्ठित कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं। नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NFDC) द्वारा समर्थित, उनकी भागीदारी न केवल सिनेमा की उत्कृष्टता को उजागर करेगी, बल्कि एक शक्तिशाली पर्यावरणीय संदेश भी लेकर आएगी। एक विशेष आकर्षण होगा उनका अनोखा परिधान, जो पूरी तरह से अपशिष्ट सामग्री से बना होगा, और सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों को दर्शाएगा—जिसका वे लंबे समय से समर्थन करती आई हैं। अरुषि की यात्रा जितनी प्रेरणादायक रही है, उतनी ही प्रभावशाली भी रही है। उन्होंने अपने म्यूज़िक एल्बम्स वफ़ा ना रास आई और तेरी गलियों से के ज़रिए लोकप्रियता हासिल की, जो टी-सीरीज़ और ज़ी म्यूज़िक कंपनी द्वारा रिलीज़ हुए थे और जिन्हें दुनिया भर में 400 मिलियन से अधिक व्यूज़ मिले। अभिनय से निर्माण की ओर बढ़ते हुए, उन्होंने डिज़्नी+ हॉटस्टार के साथ मिलकर अपनी कंपनी हिमश्री फिल्म्स के बैनर तले वेब सीरीज़ लाइफ हिल गई का निर्माण किया, जिसने “इंडिया” और “भारत” के सामाजिक-सांस्कृतिक विभाजन को बखूबी दिखाया और अंतरराष्ट्रीय सराहना प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने अमेज़न प्राइम, नेटफ्लिक्स और हॉटस्टार जैसे प्लेटफॉर्म्स पर कई सामाजिक गहराई वाले प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपनी सिनेमाई पहचान को और विस्तार दिया। मनोरंजन से परे, अरुषि ने सामाजिक कार्यों में भी गहरा योगदान दिया है। स्पर्श गंगा अभियान की संस्थापक के रूप में—जो UN और भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एक वैश्विक अभियान है—उन्होंने गंगा नदी की रक्षा के लिए पांच लाख से अधिक लोगों को एकजुट किया है। हिमालय क्षेत्र में अपशिष्ट पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त करने के उनके प्रयासों ने उन्हें “रिवर लेडी” का खिताब दिलाया। पर्यावरणीय स्थिरता और महिला अधिकारों की समर्थक अरुषि, आईडब्ल्यूईपी (इंटरनेशनल वीमेन एम्पावरमेंट प्रोग्राम) की चेयरपर्सन भी हैं, जिसे यूनिसेफ और UAE सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। इस कार्यक्रम ने यूएई में पहली वर्ल्ड वीमेन पार्लियामेंट की मेज़बानी की, जिससे उन्हें फोर्ब्स मिडल ईस्ट की ग्लोबल पावर वीमेन की सूची में जगह मिली। उन्हें चैम्पियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड, ब्लैक स्वान सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड, ग्लोबल वॉटर वीमेन एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड (UK), टॉप 100 ग्लोबल वीमेन अचीवर्स (US), UN अर्थ डे स्टार अवॉर्ड और फ्रेश फेस ऑफ बॉलीवुड इन दुबई जैसे कई सम्मान प्राप्त हुए हैं। अरुषि निशंक की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि कला, सामाजिक चेतना और उद्देश्य मिलकर वैश्विक स्तर पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं।





# अक्षय कुमार की ‘केसरी चैप्टर 2’ ने तोड़ा ‘जाट’ का रिकॉर्ड

**बॉलीवुड** अभिनेता अक्षय कुमार एक बार फिर अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म केसरी 2 से धमाल मचा रहे हैं। देशभक्ति और इतिहास से जुड़ी इस फिल्म को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं और उनकी पहली पसंद बन चुकी हैं। केसरी चैप्टर 2, जो जलियांवाला बाग की ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन किया है। फिल्म ना केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी शानदार कमाई कर रही है। दरअसल, हाल ही में सामने आए आंकड़ों के अनुसार, अक्षय कुमार और अनन्या पांडे स्टारर इस फिल्म ने जाट को वर्ल्डवाइड कलेक्शन में पीछे छोड़ दिया है। बता दें, मंगलवार तक फिल्म का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन लगभग 112 करोड़ रुपए था, जो बुधवार को बढ़कर 116.3 करोड़ तक पहुंच गया। वहीं, जाट ने 21 दिनों में केवल 115 करोड़ का आंकड़ा छू पाया था। यानी केसरी चैप्टर 2 ने 13वें दिन ही जाट को एक करोड़ से पीछे छोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बना डाला। हालांकि भारत में जाट की ओपनिंग केसरी चैप्टर 2 से बेहतर रही थी, लेकिन अक्षय कुमार की यह फिल्म वर्ल्डवाइड रेस में आगे निकल चुकी है। सबसे खास बात यह है कि ओवरसीज मार्केट में भी केसरी चैप्टर 2 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 29.5 करोड़ की कमाई कर ली है, जो इसे इस साल की टॉप इंटरनेशनल कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बनाता है।